Brain International School
Vikas Puri, New Delhi

# पुनरावृत्ति पत्रक

**विषय : हिंदी** **कक्षा – 9** **सत्र-1 2026-27**

**पाठ्य पुस्तक – (स्पर्श भाग-1)**

**प्रश्न -1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें –**

i. बुढ़िया के घर का खर्च कैसे चलता था ?
ii. समाज में दुःख का अधिकार किसे है ?
iii. बुढ़िया और संभ्रांत महिला में क्या समानताएँ और असमानताएँ थीं ?
iv. हिमपात किसे कहते हैं ?
v. रसोई सहायक की मृत्यु का क्या कारण था ?
vi. बुद्ध पूर्णिमा के दिन कौन-सी घटना घटी ?
vii. लेखक के घर कौन आया था ?
viii. लेखक के मन में कौन -सा प्रश्न बार-बार उमड़ रहा था ?
ix. अतिथि के प्रति लेखक के व्यवहार में क्या परिवर्तन आया और क्यों ?
x. रैदास को किसके नाम की रट लग गई है ?
xi. रैदास जी स्वयं को किसका दास मानते हैं ?
xii. रैदास की भक्ति की विशेषताओं का वर्णन करें ।
xiii. विपत्ति आने पर श्री राम जी कहाँ जाकर बसे थे ?
xiv. प्रेम का धागा टूटने पर क्या होता है ?
xv. रहीम जी के दोहों का केंद्रीय भाव विस्तार पूर्वक लिखिए ।
xvi. प्रेमिका अपने प्रेमी का गाना किस तरह सुनती है?
xvii. प्रेमी का गाना सुनकर प्रेमिका मन में क्या सोचती है?

**प्रश्न 2 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**

एवरेस्ट अभियान दल 7 मार्च को दिल्ली से काठमांडू के लिए हवाई जहाज़ से चल दिया। एक मज़बूत अग्रिम दल बहुत पहले ही चला गया था जिससे कि वह हमारे 'बेस कैम्प' पहुँचने से पहले दुर्गम हिमपात के रास्ते को साफ कर सके। नमचे बाज़ार, शेरपालैंड का एक सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण नगरीय क्षेत्र है। अधिकांश शेरपा इसी स्थान तथा यहीं के आसपास के गाँवों के होते हैं। यह नमचे बाज़ार ही था, जहाँ से मैंने सर्वप्रथम एवरेस्ट को निहारा, जो नेपालियों में 'सागरमाथा' के नाम से प्रसिद्ध है। मुझे यह नाम अच्छा लगा।

**1.एवरेस्ट अभियान दल 7 मार्च को कहाँ के लिए हवाई जहाज़ से रवाना हुआ था?**
**क**. दार्जिलिंग
**ख**. काठमांडू
**ग**. लखनऊ
**घ**. लेह

**2. अग्रिम दल को पहले क्यों भेजा गया था?**
**क**. सामान खरीदने के लिए
**ख**. मार्ग का सर्वेक्षण करने के लिए
**ग**. दुर्गम हिमपात के रास्ते को साफ करने के लिए
**घ**. शेरपाओं से मिलने के लिए

**3. नमचे बाज़ार किस क्षेत्र का सबसे महत्त्वपूर्ण नगरीय क्षेत्र है?**
**क**. सिक्किम
**ख**. शेरपालैंड
**ग**. तिब्बत
**घ**. भूटान

**4. लेखक ने सर्वप्रथम एवरेस्ट को कहाँ से देखा?**
**क**. काठमांडू
**ख**. दिल्ली
**ग**. नमचे बाज़ार
**घ**. बेस कैम्प

**5.कथन:** नमचे बाज़ार शेरपालैंड का सबसे महत्त्वपूर्ण नगरीय क्षेत्र है।
**कारण** : अधिकांश शेरपा नमचे बाज़ार तथा उसके आसपास के गाँवों के निवासी हैं।

**क**. कथन और कारण दोनों सत्य हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।
**ख**. कथन और कारण दोनों सत्य हैं परंतु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं करता।
**ग**. कथन सत्य है लेकिन कारण असत्य है।
**घ**. कथन असत्य है लेकिन कारण सत्य है।

**प्रश्न -3 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए** -

**गाकर गीत विरह के तटिनी**
**वेगवती बहती जाती है,**
**दिल हलका कर लेने को**
**उपलों से कुछ कहती जाती है।**
**तट पर एक गुलाब सोचता**
**"देते स्वर यदि मुझे विधाता,**
**अपने पतझर के सपनों का**
**मैं भी जग को गीत सुनाता।"**

**1. तटिनी किस प्रकार बहती जाती है?**
**क**. धीरे-धीरे
**ख**. वेगवती
**ग**. रुक-रुक कर
**घ**. शांत होकर

**2. तटिनी अपना दिल हल्का करने के लिए किससे कुछ कहती जाती है?**
**क**. फूलों से
**ख**. पर्वतों से
**ग**. उपलों से
**घ**. पक्षियों से

**3. तट पर कौन सोचता हुआ दिखाई देता है?**
**क**. कमल
**ख**. गुलाब
**ग**. चमेली
**घ**. सूरजमुखी

**4. गुलाब किससे स्वर मिलने की कामना करता है?**
**क**. प्रकृति से
**ख**. नदी से
**ग**. विधाता से
**घ**. कवि से

**5. यदि विधाता गुलाब को स्वर देते तो वह क्या सुनाता?**
**क**. वसंत के गीत
**ख**. वर्षा के गीत
**ग**. अपने पतझड़ के सपनों का गीत
**घ**. नदी की कहानी

**पाठ्य पुस्तक – (संचयन )**

**प्रश्न -4 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें –**

i. **गिल्लू और महादेवी वर्मा जी के बीच जो प्रेम संबंध स्थापित हुआ उसे अपने शब्दों में लिखें ।**
ii. **महादेवी वर्मा जी ने गिल्लू का उपचार किस प्रकार किया ?**
iii. **लेखक को कुएँ के भीतर क्यों जाना पड़ा ?**
iv. **लेखक के छोटे भाई के रोने का क्या कारण था ?**

**(अपठित बोध)**

**प्रश्न 5. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ें तथा उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर दें -**

**किसी भी समाज की प्रगति का मापदण्ड उस समाज द्वारा दी गई स्त्रियों की पद-मर्यादा है, क्योंकि स्त्रियाँ प्रत्येक सामाजिक संगठन का आधार और संस्कृति की स्त्रोत मानी जाती हैं**

**इसलिए कहा जाता है कि नारी शक्ति का अपार भण्डार है। नारी के वास्तविक महत्त्व को पारिवारिक सन्दर्भ में समझा जा सकता है-नारी परिवार की नींव है, परिवार समुदाय की नींव है और समुदाय राष्ट्र की। यह आज की ही सच्चाई नहीं है, यह तो आदिकालीन सच्चाई है, क्योंकि प्रसिद्ध विद्वान रायडन ने कहा था-स्त्रियों ने ही प्रथम सभ्यता की नींव डाली और उन्होंने ही जंगलों में मारे-मारे, भटकते-फिरते पुरुषों का हाथ पकड़कर उन्हें स्थिर जीवन दिया और 'घर' में बसाया।**

**1. गद्यांश के अनुसार किसी भी समाज की प्रगति का मापदण्ड क्या है?**

**(क) समाज की आर्थिक उन्नति**
**(ख) समाज द्वारा स्त्रियों को दी गई पद-मर्यादा**
**(ग) समाज की जनसंख्या**
**(घ) समाज की वैज्ञानिक प्रगति**

**2. गद्यांश के अनुसार नारी का वास्तविक महत्त्व किस संदर्भ में समझा जा सकता है?**

**(क) राजनीतिक संदर्भ में**
**(ख) आर्थिक संदर्भ में**
**(ग) पारिवारिक संदर्भ में**
**(घ) धार्मिक संदर्भ में**

**3. कथन) A):** नारी को परिवार की नींव कहा गया है।

**कारण (R):** क्योंकि परिवार समुदाय की नींव है और समुदाय राष्ट्र की नींव है।

**विकल्प:**

**(क) कथन और कारण दोनों सत्य हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।**
**(ख) कथन और कारण दोनों सत्य हैं परन्तु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं करता।**
**(ग) कथन सत्य है परन्तु कारण असत्य है।**
**(घ) कथन असत्य है परन्तु कारण सत्य है।**

**4. समाज की प्रगति का मापदण्ड स्त्रियों की पद-मर्यादा को क्यों माना गया है?**

**5. गद्यांश के अनुसार परिवार, समुदाय और राष्ट्र के निर्माण में नारी की भूमिका का वर्णन कीजिए।**

**(व्यावहारिक व्याकरण)**

**प्रश्न 6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें –**

1) **निम्नलिखित शब्दों को वाक्य में प्रयोग करके पद बनाइए -**
   (क) मीठा (ख) खेल (ग) सुंदर (घ) भारत
2) **'शब्द' और 'पद' में क्या अंतर है?**
   उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।
3) **रिक्त स्थानों की पूर्ति उपयुक्त पदों से कीजिए और उनके पद–भेद लिखिए।**
   (क) _______ प्रतिदिन योग करता है।
   (ख) मोहन _______ पुस्तक पढ़ रहा है।
   (ग) यह फूल बहुत _______ है।
   (घ) बच्चे मैदान में _______ रहे हैं।
4) **निम्न शब्दों में अनुनासिक या अनुसार का प्रयोग कर शब्दों को पुनः लिखिए –**

   **ठडा , आतक , बासुरी , फसना ,आकलन , सस्कार , सयोग , सघर्ष , सचार ,**

   **सकल्प , परपरा, आकाक्षा , सवेदनशील ,सविधान , अत्यत ,अतिम, सवाद**

5) **निम्न शब्दों की संधि कीजिए -**

   **पौ+अन , भौ +उक , नौ+इक , पितृ+इच्छा, देव+आलय, विद्या+अर्थी, सूर्य+उदय,**

   **गिरि+ईश, राम+अवतार, महा+उत्सव, राजा+इन्द्र, नर+ईश्वर, शिव+आलय**

6) **संधि-विच्छेद कीजिए -**

   महर्षि , विद्यालय , सर्वोत्तम , हिमालय, देवालय, लोकोपकार, नरेन्द्र, गिरीश, महेन्द्र,

   राजेन्द्र, महोत्सव, सदैव, अत्यधिक, देवेश, गणेश, लोकैषणा, हितोपदेश

7) **निम्न शब्दों में उपसर्ग और मूल शब्द को अलग- अलग करके लिखें -**

   प्रतिनिधि , विभाग , प्रभात अनुशासन, उपकार, निराशा, अपमान, अविश्वास, पराजय,

   प्रतिरोध, प्रवेश, निर्भय, सुलेख, दुर्व्यवहार, अभिमान, उपवन, उपयुक्त, परलोक

8) **निम्न शब्दों में से मूल शब्द और प्रत्यय को अलग- अलग करके लिखें -**

   बचपन , कठिनाई , जोरदार सुंदरता, मित्रता, मानवता, ईमानदारी, पढ़ाई, लिखावट,

   मिलावट, भलाई, अच्छाई, सफाई, लड़कपन, बुढ़ापा, अपनापन, मित्रवत् , सजावट

9) **अर्थ के आधार पर वाक्य के भेद लिखिए-**

i. कविता ने पाठ याद कर लिया है।

ii. ऐसी धूप में बाहर कौन खड़ा है?

iii. अब शायद बारिश बंद हो जाए।

iv. वाह! कितना सुंदर दृश्य है!

v. कृपया दरवाज़ा बंद कर दीजिए।

vi. क्या तुमने अपना गृहकार्य पूरा कर लिया?

vii. ईश्वर तुम्हारी रक्षा करे।

viii. काश! मैं समय पर पहुँच जाता।

ix. विद्यार्थी प्रतिदिन समय पर विद्यालय आते हैं।

x. यदि तुम मेहनत करोगे तो अवश्य सफल होगे।

xi. अरे! तुम यहाँ कब आए?

xii. शायद आज विद्यालय में अवकाश हो।

xiii. कभी भी झूठ नहीं बोलना चाहिए।

**रचनात्मक कार्य**

**प्रश्न 1. निम्नलिखित विषयों पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखें -**

**क) इंटरनेट: एक संचार क्रांति**

**संकेत बिंदु - अर्थ, संचार जगत में क्रांति, ज्ञान का भंडार, शिक्षा में सहायक, दोष एवं प्रभाव**

**अथवा**

**ख) प्रकृति से प्रेम करो**

**संकेत बिंदु : ईश्वर का अमूल्य उपहार ,हमारी धरोहर ,प्रकृति -प्रेम, ख़ुशी तथा शांति , उपसंहार**

**प्रश्न 2. नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित एक पुस्तक प्रदर्शनी में जाने के अपने अनुभव को अपने दोस्त को बताते हुए एक पत्र लिखिए।**

**प्रश्न 3. निम्नलिखित विषय पर संवाद 80-100 शब्दों में लिखें -**

**पिकनिक के आयोजन को लेकर शिक्षक और विद्यार्थी के बीच बातचीत ।**

**प्रश्न 4. दिए गए चित्र का वर्णन 25-30 शब्दों में करें I**

